मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के पुरस्कार

स्रोत: द हिंदू

हाल ही में **सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय** ने घोषणा की है कि वर्ष **2022** का दादा साहब फाल्के पुरस्कार अभिनेता और पूर्व राज्यसभा **सांसद** मिथुन चक्रवर्ती को दिया जाएगा।

- यह पुरस्कार भारतीय सिनेमा में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान के लिये **70वें** राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह के दौरान प्रदान किया जाएगा।
- यह दादा साहब फाल्के पुरस्कार के **54वें प्राप्तकर्ता** होंगे।
- **दादा साहब फाल्के पुरस्कार:**
  - यह **देश का सर्वोच्च फिल्म सम्मान है जिसकी शुरुआत वर्ष 1969** में हुई थी, जो "**भारतीय सिनेमा के विकास और वृद्धि में उत्कृष्ट योगदान**" **के लिये दिया जाता है।**
  - यह पुरस्कार पहली बार "भारतीय सिनेमा की प्रथम महिला" **देविका रानी को प्रदान किया गया था।**
  - इस पुरस्कार में एक **स्वर्ण कमल, 10 लाख रुपये** का नकद पुरस्कार, एक प्रमाण पत्र, एक रेशम रोल और एक शॉल शामिल है।
  - इसे भारत के राष्ट्रपति **द्वारा दिया जाता है।**
- **धुंडीराज गोविंद फाल्के:**
  - वह एक भारतीय निर्माता, निर्देशक और पटकथा लेखक थे जिन्होंने **भारत की पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र (1913) का निर्देशन किया था।**
    - उन्हें "**भारतीय सिनेमा के जनक**" **के रूप में जाना जाता है।**

अधिक पढ़ें: राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dadasaheb-phalke-award-to-mithun-chakraborty